जनपद हमीरपुर

प्रेसनोट

दिनांक 30.06.2026

गरिमामय सेवानिवृत्ति एवं विदाई समारोह रिजर्व पुलिस लाइन्स, जनपद हमीरपुर

आज दिनांक 30.06.2026 को पुलिस लाइन्स, जनपद हमीरपुर में गरिमामय सेवानिवृत्ति/विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले कार्मिक को सम्मानित किया गया।

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे उ0नि0 रामलाल यादव, उ0नि0 वीरेन्द्र प्रसाद, मुख्य आरक्षी चालक हरभूषण दुबे, लीडिंग फायर मैन केशव प्रसाद, चतुर्थ श्रेणी राम प्रकाश के उत्कृष्ट कार्य, निष्ठा एवं सेवाभाव की सराहना करते हुए उनके योगदान को विभाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सेवाकाल में पूर्ण समर्पण, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन किया, जो सभी के लिए प्रेरणादायक है।

समारोह में प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।